# कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री जगदीश नारायण पाण्डे पुत्र स्व0 श्री शंकर सहाय शर्मा निवासी 265/275 गोविन्द नगर(पूर्व) आमेर रोड जयपुर

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, जिला रसद अधिकारी, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील सं0 09/2018

<u>निर्णय</u> दिनांक 28.02.2018

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी, जिला रसद अधिकारी, दौसा को दिनांक 11.01.2018 को सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, जिला रसद अधिकारी, दौसा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/ सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, जिला रसद अधिकारी, दौसा द्वारा उनके पत्रांक रसद/आर0टी0आई0/2018/158 दिनांक 21.02.2018 द्वारा अवगत कराया कि प्रार्थी श्री जगदीश नारायण पाण्डे को वॉछित सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है। साथ ही प्रार्थी श्री पाण्डे को भी उक्त पत्र की प्रतिलिपि उपलब्ध करवाई जा चुकी है। पत्रादि की छाया प्रति संलग्न भिजवाई जाकर अपील निरस्त करने हेतु भी निवेदन किया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि आवेदक को वॉछित सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी हैं। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर,दौसा